>

Title: Need to open a L.P.G. outlet at Ramganj Mandi, district Kota, Rajasthan - laid.

श्री श्रीचन्द कृपलानी (चित्तौड़गढ़) : महोदय, मेरे चुनाव क्षेत्र चित्तौड़गढ़ के अंतर्गत कोआ जिले में रामगंज मंडी है, जो कोटा स्टोन एवं धनिया के लिए विश्वप्रसिद्ध है। यहां की आबादी पचास हजार से अधिक है। इस मंडी में एलपीजी की कोई गैस एजेंसी नहीं होने के कारण क्षेत्रीय लोगों को काफी दूर से गैस सिलेण्डर लाना पड़ता है, जिसमें उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अतः इस दृÂिष्ट से रामगंज मंडी में गैस एजेंसी होने की आवश्यकता है। मैंने माननीय मंत्री जी से व्यक्तिगत पत्रों व सदन के माध्यम से रामगंज मंडी में गैस एजेंसी खुलवाने का अनुरोध किया था और माननीय मंत्री जी द्वारा मुझे आशान्वित किया गया था लेकिन आज तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे क्षेत्रीय जनता में काफी भ्रांति फैल रही है और अपने आपको वे असहाय महसूस कर रहे हैं।

अतः महोदय, आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि क्षेत्रीय जनता की जरूरतों को देखते हुए रामगंज मंडी में एलपीजी गैस एजेंसी खोलने की व्यवस्था सुनिश्चित कर क्षेत्रीय जनता की परेशानी एवं लोगों में फैल रही भ्रांति को दूर करें। मैं आशा करता हूं कि माननीय मंत्री जी इस कार्य को जल्दी पूरा करेंगे।